महानगर
वर्ष 51 | अंक 300
पृष्ठ : 20
मूल्य : छह रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 16 नवंबर 2019

PAGE NO. 06 : MIDDLE

टेक्निकल फेस्ट में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

बरेली। रक्षपाल बहादुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की ओर से दो दिवसीय जोन स्तरीय टेक्निकल लिटरेरी एंड मैनेजमेंट फेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें बरेली, मुरादाबाद, सीतापुर, शाहजहांपुर, शिकोहाबाद के 40 से अधिक संस्थानों के तकनीकी, प्रबंधन एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक कल्पनाशीलता के अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने चेक योर नॉलेज, डिबेट इलॉक्यूशन, फुगल इंजीनियरिंगः जुगाड़ जैम, टेक्निकल पोस्टर एवं रोबो वॉर में प्रतिभाग किया। फुगल इंजीनियरिंगः जुगाड़ में प्रथम स्थान आरबीसीईटी और द्वितीय स्थान पर एसआरएमएससीटी की टीमें रहीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अधिशासी अध्यक्षा वीना माथुर, प्रबंध निदेशक इंजीनियर नवीन प्रसाद माथुर, समूह निदेशक डॉ. नीरज सक्सेना, निदेशक डॉ. विनीत अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। **संवाद**